**प्रसार भारती**

**भारतीय प्रसारण निगम**
**आकाशवाणी केन्द्र शिमला**

**06.09.2025 / प्रादेशिक समाचार / 1945बजे**

**''आज के मुख्य समाचार''**

- चंबा ज़िले में मणिमहेश यात्रा में फंसे 16 हज़ार यात्रियों को सुरक्षित निकालने का अभियान पूरा– मुख्यमंत्री ने बचाव दल के सदस्यों के प्रयासों को सराहा।
- सूचना व प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा–जीएसटी सुधारों के जरिए प्रधानमंत्री ने मध्यम वर्गीय परिवारों को दी बड़ी राहत।
- उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने कहा– हिमाचल को स्विट्जरलैंड की तर्ज पर बनाया जाएगा पर्यटन हब– शिमला में रोपवे परियोजना को मिली अंतिम मंजूरी।
- नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने राज्य सरकार को प्राथमिकता के आधार पर आपदा प्रभावितों की मदद करने की दी सलाह।
- कुल्लू के अखाड़ा बाजार क्षेत्र में भूस्खलन में दबे 8 लोगों के शव निकाले गए– एक की तलाश जारी।

**बचाव अभियान**

चंबा जिले में मणिमहेश यात्रा के दौरान फंसे लगभग 16 हज़ार यात्रियों को सुरक्षित चंबा पहुंचाने के साथ ही आज प्रशासन का बचाव अभियान संपन्न हो गया है। उपायुक्त मुकेश रेपसवाल ने बताया कि आज वायु सेना के हैलीकॉप्टर के माध्यम से 64 यात्रियों को चंबा पहुंचाया गया। उन्होंने बताया कि यात्रा के दौरान कुल 17 यात्रियों की मृत्यु हुई है जिनके शव चंबा पहुंचाए गए हैं।

इस बीच मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने सभी मणिमहेश यात्रियों की सुरक्षित वापसी को लेकर ज़िला प्रशासन, एनडीआरएफ, एसडीआरएफ, पुलिस और गैर सरकारी संगठनों व स्थानीय लोगों के प्रयासों की सराहना की है। उन्होंने कहा कि चंबा के लोगों ने मानवता का परिचय देते हुए यात्रा के रास्ते में लंगर का आयोजन किया जो सराहनीय है।

**जगत सिंह नेगी**

राजस्व मंत्री जगत सिंह नेगी ने कहा है कि भरमौर क्षेत्र में सड़कों की बहाली को लेकर युद्धस्तर पर कार्य चलाया जा रहा है और अगले दो–तीन दिनों में प्रमुख सड़कों को खोल दिया जाएगा। भरमौर से लौटने के बाद आज शिमला में पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने बताया कि राज्य सरकार ने आपदा के समय प्रभावितों को राहत पहुंचाने के लिए भरसक प्रयास किए और सभी यात्रियों

को सुरक्षित निकाला गया। जगत सिंह नेगी ने कहा कि यात्रा के दौरान जिन लोगों की मौत हुई है, वो आपदा से नहीं बल्कि ऑक्सीजन की कमी व ठंड के कारण हुई है।

## वैष्णव–जीएसटी सुधार

सूचना व प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जीएसटी सुधारों के जरिये मध्यम वर्गीय परिवारों को बडी राहत और एक बहुमूल्य उपहार दिया है। नई दिल्ली में आज मीडिया को संबोधित करते हुए अश्विनी वैष्णव ने कहा कि नई पीढी के जीएसटी सुधारों से देश के सकल घरेलू उत्पाद में लगभग 20 लाख करोड़ रुपये का इजाफा होने की उम्मीद है, जिससे देश की अर्थव्यवस्था को काफी बढ़ावा मिलेगा।

## पर्यटन

उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने कहा है कि हिमाचल को स्विट्जरलैंड की तर्ज पर पर्यटन हब बनाया जाएगा और इसके लिए प्रदेश में बड़े स्तर पर रोपवे परियोजनाएं शुरू की गई हैं। उन्होंने बताया कि शिमला में लगभग 14 किलोमीटर लंबी रोपवे परियोजना को अंतिम मंजूरी मिल चुकी है और इसका निर्माण कार्य चार वर्ष के भीतर पूरा करने के प्रयास किए जाएंगे। अग्निहोत्री ने बताया कि इस रोपवे में तीन लाइनें, 14 सैक्शन और 13 स्टेशन होंगे।

## जयराम ठाकुर

विपक्ष के नेता जयराम ठाकुर ने कहा है कि आपदा की इस घड़ी में राज्य सरकार को प्रभावितों की मदद करने पर ध्यान केन्द्रित करना चाहिए और कई स्थानों पर सरकार की ओर से कोई सहायता नहीं पहुंच पाई है। कुल्लू में आज एक पत्रकार वार्ता में उन्होंने कहा कि वर्ष 2023 में हुई आपदा के लिए केन्द्र सरकार ने 5 हज़ार एक सौ 50 करोड़ रूपये दिए हैं लेकिन प्रदेश की कांग्रेस सरकार इस बारे में तथ्यहीन बयानबाजी कर रही है। जयराम ठाकुर ने कहा कि प्रदेश में इस बार प्राकृतिक आपदा से जान–माल को भारी क्षति पहुंची है और राज्य सरकार को राहत व बचाव कार्यों में तेज़ी लानी चाहिए।

जयराम ठाकुर ने आज बंजार क्षेत्र में आपदा प्रभावित इलाकों का दौरा कर लोगों का दुख–दर्द बांटा। उन्होंने राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के अधिकारियों को राष्ट्रीय उच्च मार्ग 305 को युद्धस्तर पर खोलने के निर्देश दिए। ये सड़क बंजार विधानसभा क्षेत्र को सराज के बालीचौकी और आनी व रामपुर से जोड़ती है।

**शिक्षा मंत्री**

शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने आज शिमला ज़िले के जुब्बल–कोटखाई क्षेत्र में आपदा प्रभावित इलाकों का दौरा किया। उन्होंने कोटखाई व हाटकोटी में अधिकारियों के साथ बैठकें कर राहत कार्यों की समीक्षा भी की। रोहित ठाकुर ने बताया कि बागवानों की सेब की फसल को मंडियों तक पहुंचाना उनकी सबसे बड़ी प्राथमिकता है और सड़कों को युद्धस्तर पर दुरूस्त किया जा रहा है। शिक्षा मंत्री ने अधिकारियों को सड़कों को खोलने के कार्यों में तेज़ी लाने के निर्देश दिए।

**कुल्लू हादसा**

कुल्लू के अखाड़ा बाजार क्षेत्र में तीन और चार सितम्बर को भूस्खलन की घटनाओं में दबे 9 लोगों में से 8 के शव निकाले जा चुके हैं। बचाव दल ने आज एनडीआरएफ के एक जवान सहित कुल चार शवों को मलबे से निकालने में कामयाबी हासिल की जबकि एक अन्य व्यक्ति की तलाश के लिए अभियान जारी है। उपायुक्त तोरूल एस. रवीश ने बताया कि हादसे में जान गवाने वाले तीन लोगों के पार्थिव शरीर आज सुबह श्रीनगर पहुंचा दिए गए हैं।

**दुर्घटना**

ऊना ज़िले के गगरेट के पास एक एम्बुलेंस के गहरी खाई में गिरने से तीन लोगों की मृत्यु हुई है जबकि दो अन्य लोग घायल हैं। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने इस हादसे पर दुख जताते हुए कहा है कि राज्य सरकार प्रभावित परिवारों के साथ खड़ी है और उन्हें हरसंभव सहायता प्रदान की जाएगी। उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने भी इस दुर्घटना पर गहरा दुख जताया।

**मौसम**

प्रदेश में पिछले 24 घंटों में मॉनसून की रफ्तार धीमी पड़ी है और कुछ क्षेत्रों में हल्की वर्षा हुई है। मौसम विभाग ने अगले तीन–चार दिन राज्य के कुछ भागों में हल्की वर्षा की संभावना जताई है। प्रदेश में वर्षा से जुड़ी घटनाओं में अब तक 360 लोगों की मौत हो चुकी है जबकि 47 लोग लापता हैं। राज्य में तीन राष्ट्रीय उच्च मार्गों सहित एक हजार चार सड़कें अभी भी यातायात के लिए अवरूद्ध हैं। इसके अलावा एक हजार 9 सौ 92 बिजली ट्रांसफार्मर और 4 सौ 72 पेयजल योजनाएं भी बाधित हैं।

**"मुख्य समाचार एक बार फिर"**

- चंबा ज़िले में मणिमहेश यात्रा में फंसे 16 हज़ार यात्रियों को सुरक्षित निकालने का अभियान पूरा– मुख्यमंत्री ने बचाव दल के सदस्यों के प्रयासों को सराहा।

- सूचना व प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा–जीएसटी सुधारों के जरिए प्रधानमंत्री ने मध्यम वर्गीय परिवारों को दी बड़ी राहत।
- उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने कहा– हिमाचल को स्विट्जरलैंड की तर्ज पर बनाया जाएगा पर्यटन हब– शिमला में रोपवे परियोजना को मिली अंतिम मंजूरी।
- नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने राज्य सरकार को प्राथमिकता के आधार पर आपदा प्रभावितों की मदद करने की दी सलाह।
- कुल्लू के अखाड़ा बाजार क्षेत्र में भूस्खलन में दबे 8 लोगों के शव निकाले गए– एक की तलाश जारी।